
दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 /अंक 61/ पृष्ठ 8
हरिद्वार, रविवार, 30 अप्रैल 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592
परमात्मा हमेशा हमारे साथ हैं
अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार को ...
मूल्य- 2 रु.



# कांग्रेस ने 91 बार अलग-अलग तरह से मुझे अपमानित किया है : पीएम मोदी

**हुमनाबाद (कर्नाटक)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जहरीला सांप वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और उसके नेता अब तक 91 बार अलग-अलग तरह से उन्हें अपमानित कर चुके हैं। कांग्रेस पर कर्नाटक में लिंगायत समुदाय का भी अपमान करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी ने बाबासाहेब आंबेडकर और वीर सावरकर को भी अपशब्द कहे हैं। कर्नाटक में 29 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद पहली बार प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि लोग उसकी गालियों का वोटों से जवाब देंगे और वे (कांग्रेस नेता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना ही कमल खिलेगा।

मोदी ने कहा, कांग्रेस आम आदमी के बारे में बात करने वाले, उनके (कांग्रेस के) भ्रष्टाचार को सामने लाने वाले और स्वार्थ की उनकी राजनीति पर वार करने वाले हर व्यक्ति से नफरत करती है। ऐसे लोगों के खिलाफ कांग्रेस की नफरत गहरी होती जाती है। इस चुनाव में भी कांग्रेस ने एक बार फिर मुझे अपशब्द कहना शुरू कर दिया है। बीदर जिले के हुमनाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, किसी ने मेरे खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे इस तरह के अपशब्दों की सूची बनाई और मुझे भेजा। अभी तक कांग्रेस के लोग 91 बार अलग-अलग तरह से मुझे अपशब्द कह चुके हैं। अगर कांग्रेस ने अपशब्दों के इस शब्दकोष पर समय व्यर्थ करने के बजाय सुशासन और अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पर ध्यान दिया होता, तो उसकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती।



उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी की तुलना जहरीले सांप से की थी। हालांकि, विवाद पैदा होने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के खिलाफ नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ थी। मोदी ने कहा, गरीबों और देश के लिए काम करने वालों का अपमान करना कांग्रेस का इतिहास रहा है। मैं इकलौता नहीं हूं, जिस पर इस तरह का हमला किया गया है। पिछले चुनाव में उन्होंने चौकीदार चोर है अभियान चलाया था, फिर उन्होंने कहा मोदी चोर है, फिर उन्होंने कहा ओबीसी समुदाय चोर है और अब कर्नाटक में चुनाव प्रचार शुरू होते ही उन्होंने मेरे लिंगायत भाइयों और बहनों को चोर बताने की हिमाकत दिखाई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता कान खोलकर सुनें, जब भी आपने किसी को अपशब्द कहे हैं।

**मोदी ने कहा, कांग्रेस आम आदमी के बारे में बात करने वाले, उनके (कांग्रेस के) भ्रष्टाचार को सामने लाने वाले और स्वार्थ की उनकी राजनीति पर वार करने वाले हर व्यक्ति से नफरत करती है।**



## अभिनेता इरफान खान की तीसरी पुण्यतिथि पर फिल्म जगत ने उन्हें याद किया

**मुंबई।** अभिनेता इरफान खान की तीसरी पुण्यतिथि पर फिल्म जगत के लोगों ने उन्हें याद किया। भारत के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक माने जाने वाले इरफान खान का 54 वर्ष की उम्र में 29 अप्रैल 2020 को कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था। उन्होंनै लाइफ ऑफ पाईं औरै द नेमसेकै जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से एक छाप छोड़ी।

फिल्म पीकू के निर्देशक शूजीत सरकार ने बताया कि उन्होंने हाल ही में इरफान खान को सपने में देखा था।सरकार ने पीटीआई-भाषा से कहा,ै वह (इरफान) रोजमर्रा की जिंदगी में जिंदा है। मुझे उसके साथ बैठना और बस बातें करना इन सब चीजों की याद आती है।

# स्कूली स्तर पर 'कौशल विकास' से युवा कुशलता के साथ कार्य करने में सक्षम होंगे : मुख्यमंत्री धामी





उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1983 में स्व.मेजर शिवनाथ भल्ला जी ने इस विद्यालय के रूप में जिस पौधे की नींव रखी थी, वह आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्मे मेजर शिवनाथ भल्ला जी ने पहले तो एक सैनिक के रूप में देश की सेवा की है और फिर बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य को संवारने के लिए लिटिल स्कॉलर्स विद्यालय की नींव रखी। कठिन परिश्रम और संघर्षों से भरा भल्ला जी का जीवन और पुरुषार्थ हम सभी के लिये प्रेरणादायी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक व्यक्ति के रूप में हमारे सर्वांगीण विकास और हमारे उत्कृष्ट समाज के निर्माण में शिक्षा और गुरु का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में शिक्षा ग्रहण करने का अर्थ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करने तक सीमित नहीं है, यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें हम स्वयं की और अपने अस्तित्व की खोज करते हैं, इसके साथ ही हमारी संस्कृति में गुरु या शिक्षक अपने काम को केवल एक पेशा मात्र नहीं मानते, उनके लिए पढ़ाना एक मानवीय संवेदना है, एक पवित्र नैतिक कर्तव्य है, इसीलिए हमारे यहां शिक्षक और बच्चों के बीच प्रोफेशनल रिश्ता नहीं होता, बल्कि एक पारिवारिक रिश्ता होता है और ये रिश्ता, ये संबंध जीवन भर का होता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक व्यक्ति बचपन से जिस प्रकार की शिक्षा और संस्कार प्राप्त करता है, उससे न केवल उसके परिवार का बल्कि समाज और देश का चरित्र भी निर्मित होता है। उन्होंने कहा कि प्यारे बच्चो, हम अपना कल कैसा चाहते हैं इसके लिए हमें अपने आज पर काम करना होगा। हमारा भविष्य कैसा होगा, यह हमारा वर्तमान तय करता है। उन्होंने कहा कि लिटिल स्कॉलर्स विद्यालय में आज उस भविष्य को गढ़ने की नींव रखी गई है, जो कल के उत्कृष्ट उत्तराखंड और नए भारत का आधार बनेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज नए भारत का निर्माण हो रहा है, जिसके अंतर्गत देश में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्तमान समय के अनुसार नई शिक्षा नीति को हमारे सम्मुख रखा गया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा को नए आयाम प्राप्त होंगे। इससे सभी वर्ग के लोगों को समानता के आधार पर शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। स्कूली स्तर पर ''कौशल विकास'' से युवा कुशलता के साथ कार्य करने में सक्षम होंगे। नई शिक्षा नीति के माध्यम से रोजगार परख शिक्षा मिलेगी, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अलग से तैयारी नहीं करनी पड़ेगी । शोध एवंअनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। देश को विकसित राष्ट्र बनाने में नई शिक्षा नीति कारगर साबित होगी।

## कर्नाटक में सत्ता में आएगी कांग्रेस : प्रियांक खरगे

**चित्तापुर (कर्नाटक)।** कर्नाटक में कांग्रेस के अगली सरकार बनाने का भरोसा जताते हुए चित्तापुर से विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि पार्टी का मकसद निवेश और रोजगार के अवसर पैदा करने के संबंध में राज्य का गौरव लौटाना है। उनका मानना है कि कर्नाटक के लोगों ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के प्रदर्शन का पहले ही मूल्यांकन कर लिया है।

प्रियांक ने कहा, ठेकेदारों के संघ और भाजपा के कई विधायक एवं मंत्री खुद इसका मूल्यांकन कर चुके हैं। वे इसे (कर्नाटक में भाजपा सरकार) खुद 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार कहकर बुलाते हैं, न कि कांग्रेस। धार्मिक नेताओं ने प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड दिया है। कांग्रेस महज लोगों की भावनाओं को बयां कर रही है। उन्होंने चुनावों में कांग्रेस की जीत की संभावनाओं से जुड़े एक सवाल के जवाब में पीटीआई-भाषा से कहा, कांग्रेस सत्ता में आएगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) और हमारे नेता राहुल गांधी ने हमसे साफ कहा है कि हमें 150 सीट लाने की जरूरत है और हम 150 सीट लाएंगे। यह पूछने पर कि 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ए विधानसभा चुनाव कितने महत्वपूर्ण हैं, प्रियांक ने कहा कि कर्नाटक न केवल कांग्रेस, बल्कि देश के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण राज्य है।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## चुनाव आया, ज़हर लाया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री मोदी को गाली दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री को 'ज़हरीला सांप' करार दिया है और कहा है कि यदि आप इसका विष चखेंगे, तो आपकी मृत्यु हो जाएगी।' खडग़े ने बाद में सफाई भी दी कि उन्होंने प्रधानमंत्री की विचारधारा को 'सांप' कहा है। यदि फिर भी किसी को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। यह प्रवृत्ति किसी को मार कर पुचकारने वाली है। कांग्रेस की गाली देने और अपमानित करने की परंपरा पुरानी है। मार्च, 2023 में ही कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को 'तानाशाह' कहा था। उससे पहले गुजरात चुनाव के दौरान नफरती अंदाज़ में खडग़े ने कहा था कि मोदी '10 सिर वाला रावण' है क्या? वह प्रधानमंत्री मोदी को 'झूठों का सरदार' तो कई बार कह चुके हैं। 2014 में नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने ही गए थे कि एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने उन्हें 'सांप' कहा था।

कई कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री के लिए अभद्र, अश्लील, गरिमाहीन और मर्यादाहीन अपशब्दों का प्रयोग किया है। हम बार-बार विश्लेषण कर चुके हैं कि यह अभिव्यक्ति की आज़ादी नहीं है। शब्दों, भाषा और जुबान का संयम तो रहना ही चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी कुछ आपत्तिजनक विशेषणों का प्रयोग किया था, लेकिन वे चुनाव तक ही सीमित रहे। अलबत्ता वे गाली के स्तर के शब्द नहीं थे। वे व्यंग्यात्मक जरूर थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने उन शब्दों को दोहराया नहीं है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इसे 'नफरती एजेंडा' ही तय कर लिया है। राजनीति प्रतिशोध से नहीं की जा सकती। यह लोकतंत्र का अवमूल्यन है। कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े ने कर्नाटक चुनाव के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री की तुलना 'ज़हरीले सांप' से की। क्या इसी आधार पर चुनाव लडक़र कांग्रेस जीतना और सत्ता हासिल करना चाहती है? प्रधानमंत्री मोदी भी 142 करोड़ से अधिक की आबादी के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। क्या जनता ने 'ज़हरीले सांप' को जनादेश दिया था? क्या प्रधानमंत्री को गाली देने के मायने देश की जनता और लोकतंत्र को अपशब्द कहना नहीं हैं? क्या लोकतंत्र और संविधान में ऐसी गालियों की कोई गुंज़ाइश है? हम लगातार देख रहे हैं कि जब भी चुनाव आता है, तो कांग्रेस अध्यक्ष समेत पार्टी के नेता और प्रवक्ता ज़हर उगलना शुरू कर देते हैं। यह उनकी राजनीतिक कुंठा भी हो सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी को 'मौत का सौदागर' कहकर गाली दी थी। पूरा चुनाव साफ हो गया। 'खून की दलाली' और 'ज़हर की खेती' तक भी कहा गया। पार्टी प्रमुख के तौर पर ही राहुल गांधी ने 2019 लोकसभा चुनाव का पूरा अभियान इसी नारे पर चलाया-'चौकीदार चोर है।' प्रधानमंत्री मोदी खुद को देश का 'चौकीदार' और 'प्रधान सेवक' मानते रहे हैं। इन नेताओं के अलावा मणिशंकर अय्यर, जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी, शशि थरूर, सुबोधकांत सहाय, संजय निरुपम, रेणुका अय्यर सरीखों की लंबी फेहरिस्त है, जिन्होंने प्रधानमंत्री के लिए नफरती और ज़हर-बुझे शब्दों का लगातार इस्तेमाल किया है। नतीजा यह रहा कि कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। कुछ राज्यों में सरकारें हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो इसी साल चुनाव होने हैं। कर्नाटक बेहद संवेदनशील राज्य है। यदि यहां कांग्रेस चुनाव जीतने में नाकाम रही, तो देश भर में 'अप्रासंगिक' हो जाएगी। सवाल यह है कि क्या कर्नाटक की गुत्थियां और समस्याएं प्रधानमंत्री को गाली देने से हल हो सकती हैं? लोकसभा में कांग्रेस के इतने सांसद भी नहीं हैं कि कांग्रेस संसदीय दल के नेता को 'प्रतिपक्ष के नेता' का दर्जा दिया जा सकता।

# विपक्षी एकता के प्रयासों को झटका

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। भाजपा की लगातार विजय में यह प्रमुख मुद्दा रहा है। अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दल भाजपा के हाथों मात खाते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य भाजपा नेता जिस तरह लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, उससे जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विकास के साथ विपक्षी दलों के दागदार मामले प्रमुख मुद्दा रहेंगे। विपक्षी दलों के सामने यक्ष प्रश्न यही है कि एकजुटता की शुरुआत कैसे हो। यह निश्चित है कि सीटों के बंटवारे के अलावा भ्रष्टाचार और अपराधों सहित अन्य मुद्दों पर जब तक कोई सहमति नहीं बन जाती तब तक विपक्षी एकता कोरा दिखावटी प्रयास ही रहेगी। विपक्षी दल भाजपा के दामन में दाग ढूंढने के बजाय जब तक अपने स्वार्थों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हित में निर्णय नहीं करेंगे, तब तक एकता नहीं होगी**

बिहार की नीतिश कुमार सरकार के जेल नियमों में संशोधन करने से कुख्यात बाहुबली आनंद मोहन सिंह की रिहाई हो गई। इस गैंगस्टर पर गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या में शामिल होने का आरोप था। सिंह सहित 27 दोषियों को इस संशोधन का फायदा मिला। बाहुबली सिंह 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दलित आईएएस अधिकारी जी. कृष्णैया की भीड़ ने पिटाई की और गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस भीड़ को आनंद मोहन ने उकसाया था। साल 2007 में पटना हाईकोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी। हालांकि 2008 में इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया।

आनंद मोहन सिंह को बिहार में जाति विशेष का एक बड़ा नेता माना जाता है। जाति विशेष के मतदाताओं को साधने के इरादे से आनंद मोहन को रिहा किया करवाया गया, ताकि नीतिश सरकार के प्रति उनकी जाति के मतदाताओं की सहानुभूति को चुनावों में बटोरा जा सके। नीतिश कुमार भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों की एकता की कवायद में जुटे हुए हैं। यही वजह है कि भ्रष्टाचार और अपराध जैसे कारणों से भाजपा विपक्षी दलों को निशाने पर लेती रही है। इसका मौका विपक्षी दलों ने ही भाजपा को कई बार थमाया है। विपक्षी एकता में विपक्षी दलों के ऐसे स्वार्थपरक निर्णय ही बाधा बन कर खड़े हैं। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने अपराधियों के साथ गठजोड़ करके भाजपा को एक नया मुद्दा थमा दिया। भाजपा इसका तुलनात्मक प्रचार करके विपक्षी दलों का पर्दाफाश करने में लगी है। एक तरफ बिहार है. जहां बाहुबली से राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कानून बदल दिया गया। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गैंगस्टर्स के सफाए में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रखी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद के गैंगस्टर बेटे और उसके साथी को मुठभेड़ में मार गिराया। संयोग से अतीक और उसका भाई भी एक हमले में मारे गए। इससे पहले भी उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ में दर्जनों खतरनाक अपराधियों का सफाया कर चुकी है। हालात यह हैं कि उत्तरप्रदेश में अपराधी डर के मारे जेल से जमानत तक लेने से हिचक रहे हैं।

गैंगस्टर रहे आनंद मोहन की रिहाई से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गठबंधन की कवायद में लगे विपक्षी दल अपनी सत्ता को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। क्षेत्रीय दलों के लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। संकीर्ण हितों के कारण ही क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को कोसने के बावजूद एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। इस मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने फिर से पहल की है। नीतिश कुमार ने बिहार के राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खडग़े और जेडीयू और आरजेडी नेताओं के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। जिसमें कहा गया कि वे एक साथ खड़े हैं, भारत के लिए एक साथ लड़ेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी 2024 के चुनावों से पहले अन्य दलों के साथ तालमेल बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने पिछले महीने कोलकाता में अपने आवास पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। साथ ही वे लगातार विपक्षी एकता की बात कर रही हैं। विपक्षी दलों ने इससे पहले भी भाजपा को घेरने के इरादे से प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया देश के आम नागरिक और नेताओं में कोई फर्क नहीं है। नेताओं के लिए अलग से आदेश नहीं दिए जा सकते। इस पर विपक्षी दल याचिका वापस लेने को मजबूर हो गए। सुप्रीम कोर्ट से मिले तगड़े झटके के बाद विपक्षी दलों के एकता के नए सिरे से प्रयास जारी हैं। विपक्षी एकता का धरातल इतना कमजोर है कि क्षेत्रीय दलों की आपस में और कांग्रेस से पटरी नहीं बैठ पा रही है। क्षेत्रीय दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सभी गैर भाजपा दलों को एकजुट करना है। इस बाधा को पार करने के बाद न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करना है। पहली बाधा ही विपक्षी दलों के लिए हिमालय जैसी है। चुनावी एजेंडा तय करने में विपक्षी दलों को अपराध, भ्रष्टाचार सहित ऐसे कई बड़े मुद्दों से जूझना पड़ेगा, जिसमें ज्यादातर नेता प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

उत्तराखंड प्रहरी

**कविता**

## हम सब है भारतवासी



मज़हब सबका जहां हो इंसानियत,
क्यों ना ऐसा हम एक राष्ट्र निर्माण करें।
आपसी भाईचारे की मिलकर हम कायम एक मिसाल करे,
जहां हर दीवाली को रोशन करे अली,
और शुरुआत रमजान की राम करे।।
क्यों बैठे 'बेदी' ऐसे काफिरों की महफ़िल में।
जो जुदा भाई को भाई से धर्म के नाम पर करे,
भारत में हम रहते हैं सिर्फ भारत की बात करें।
हम सब भारतवासी है मां भारती के लाल,
आओ सब मिलकर भारत 'माँ' की जय जयकार करें।।



सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

# परमात्मा हमेशा हमारे साथ हैं

*– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज*

हम सब अपने जीवन में कभी न कभी यह महसूस करते हैं कि इस दुनिया में हम अकेले हैं। यह अकेलापन हमें इसलिए लगता है क्योंकि अपने जीवन में आई तकलीफों से हम घबरा जाते हैं और उस समय हमें लगता है कि हमारी कोई मदद नहीं कर रहा। तो ऐसी अवस्था में हमें पिता-परमेश्वर की याद आती है और हमारा ध्यान उनकी ओर जाता है और हमें यह अनुभव होता है कि कैसे प्रभु की दिव्य-शक्ति हमारे दैनिक जीवन में हमारी मदद कर रही है।

कई बार हम कुछ कार्य करने की कोशिश भी करते हैं, यह जानते हुए कि हम उसमें सफल नहीं होंगे किंतु फिर भी हम पाते हैं कि प्रभु की दिव्य-शक्ति रहस्यमय तरीके से हमारी सहायता कर रही है और हम उस कार्य में सफल हो जाते हैं। यदि हम इसके बारे में सोचें कि हमने अपने दैनिक जीवन में कितनी बार ऐसे कार्य में सफल होने का प्रयास किया है तो हम देखेंगे कि उस स्थिति में अक्सर हमारा मन हार मान लेता है क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि हमारे पास इसे



करने की ताकत ही नहीं है लेकिन तब प्रभु की दयामेहर से सब कुछ ठीक-ठाक हो जाता है। हम अक्सर यह सोचते हैं कि जीवन की चुनौतियों का सामना हमें अकेले ही करना होगा। लेकिन हम यह नहीं जानते कि कैसे पिता-परमेश्वर की दिव्य-शक्ति हमेशा हमारे साथ रहती है। जब हमें लगता है कि हमारे जीवन में सब गलत हो रहा है तो उसी समय पिता-परमेश्वर की वह शक्ति हमारी मदद करती है और हम जीवन की चुनौतियों का सामना बड़ी आसानी से कर लेते हैं। हमें हर समय यह याद रखना चाहिए कि परमात्मा हमेशा जीवन के हर मोड़ पर हमारे साथ हैं। अगली बार जब भी हम अपने आपको असहाय और अकेला महसूस करें, तब हमें यह याद रखना चाहिए कि पिता-परमेश्वर हमेशा हमारे साथ हैं और हर पल, हर क्षण वे हमसे न सिर्फ प्यार करते हैं बल्कि हमारी रक्षा भी करते हैं।

पिता-परमेश्वर द्वारा दी गई इस सहायता और मार्ग दर्शन के लिए हमें उनका आभार प्रकट करना चाहिए। आभार प्रकट करने का सबसे अच्छा तरीका ध्यान-अभ्यास है। जिसमें हम मौन अवस्था में बैठकर पिता-परमेश्वर के नाम को दोहराते हैं या उन्हें याद करते हैं तो हम अपने भीतर प्रभु की शक्ति से जुड़ जाते हैं और तब हमें अहसास होता है कि हम इस दुनिया में अकेले नहीं हैं और पिता-परमेश्वर हमेशा हमारे साथ हैं।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 9207.91 लाख का हुआ अनुमोदन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** वन मंत्री उत्तराखण्ड सरकार सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में मंथन सभागार में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। माननीय मंत्री ने जिला योजना की वित्तीय वर्ष 2022-23 व्यय की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए शत प्रतिशत व्यय पर जिलाधिकारी एवं उनकी टीम को प्रशंसा की। समिति द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु 9207.91 लाख धनराशि का अनुमोदन किया गया।

माननीय प्रभारी मंत्री उनियाल ने रोजगार परक योजनाओं को बढावा देते हुए कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि से योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए योजनाओं को प्रस्तावित करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार को बढावा मिल सके तथा विभाग अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी करें। उन्होंने कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, भेषज, रेशम विकास सहित अन्य विभाग की काश्तकारों के लिए बनाई गई योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं माननीय मंत्री ने लघु




उद्योग विभाग द्वारा प्रस्तावित परिव्यय जिला योजना वर्ष 2022-23 के सापेक्ष कम होने पर निर्देश दिए कि प्रस्तावित परिव्यय को बढाया जाए तथा विकासखण्ड स्तर पर ग्रोथ सेन्टर स्थापित की जाए जिससे स्थानीय महिला समूहों को रोजगार प्राप्त हो तथा उनकी आर्थिकी मजबूत हो सके। सदन के सदस्यों द्वारा लोनिवि के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया गया जिस पर माननीय मंत्री ने लोनिवि सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को योजनाए प्रस्तावित करने से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर योजना अन्तिम रूप देने कहा। उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन के प्रस्तावित कार्यों में स्थानीय वासियों को प्राथमिकता दी जाए, चूंकि स्थानीय निवासियों को क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होती है तथा अपने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्व कार्य करने का भी दबाव रहता है। उन्होंने शिक्षा विभाग के परिव्यय के दौरान स्कूलों का डेटाबेस तैयार करने तथा जिन स्कूलों में भवन, निर्माण, सुविधा विकसित करने मरम्मत आदि कार्यों की आवश्यकता है को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र प्रमुखों द्वारा स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत बजट जारी किये जाने मांग पर माननीय मंत्री ने स्वच्छता मिशन के अर्न्तगत बजट का प्राविधान करने को कहा।

जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया माननीय प्रभारी मंत्री एवं माननीय विधायक, नामित समिति के सदस्यगण द्वारा दिए गए सुझावों के क्रम में योजनाएं प्रस्तावित की जाए। साथ ही निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता तथा कार्यों के दौरान जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाए। समिति के सदस्यों द्वारा लोनिवि के कार्यों से असंतुष्टि व्यक्त करने के फलस्वरूप जिलाधिकारी ने लोनिवि के जिला योजना से हुए कार्यों के सत्यापन के उपरान्त ही बजट आंवटित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि विभाग रोजगार परक योजनाओं को प्राथमिकता दें।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गौरव कुमार, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। करने वाले कंप्यूटर सेंटर संचालक ने नाबालिक से अश्लील हरकत की। इसके बाद उसे पकड़कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार देर शाम को एक गांव की रहने वाली एक किशोरी पास के ही गांव में कंप्यूटर सेंटर में कंप्यूटर सीखने जाती थी। आरोप है कि कंप्यूटर सेंटर संचालक बृजेश कुमार किशोरी से छेड़छाड़ करता था।

किशोरी ने अपने परिजनों को इस बाबत जानकारी दी थी, जिसके बाद कंप्यूटर सेंटर संचालक ने माफी मांग ली थी। किशोरी ने कंप्यूटर सेंटर जाना छोड़ दिया था लेकिन आरोपी आते-जाते उसका पीछा करता था। शुक्रवार शाम किशोरी जब अपने घर से किसी कार्य से जा रही थी। इसी दौरान कंप्यूटर सेंटर संचालक ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। किशोरी के सूचना देने पर उसके परिजन भी पहुंच गए, जिन्होंने आमजन की मदद से आरोपी कंप्यूटर सेंटर संचालक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

## पुलिस पर लगाए जगजीतपुर चौकी में लाकर टॉर्चर करने के आरोप



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** कनखल निवासी दो बहनों ने पुलिस पर उनके भाई को हिरासत में लेकर पिटाई करने और टॉर्चर करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस पर उनकी बात नहीं सुनने एवं धमकाने का भी आरोप लगाया है। जल्द एसएसपी से मिलकर इंसाफ की गुहार लगाने और इंसाफ न मिलने पर उच्च अधिकारियों से मिलने की बात कही है। मीडिया को जानकारी देते हुए दीपिका और रेनू ने बताया कि उनके भाई अमित कटारिया ने क्षेत्र में ही रहने वाले एक युवक ने गाड़ी गिरवी रख कर पैसे दे रखे थे। जब उसने पैसे वापस मांगे तो उस पर तलवार से हमला कर दिया। उल्टा पुलिस ने रात ढाई बजे हमारे भाई अमित कटारिया को ही उठा लिया था। जगजीतपुर चौकी ले जाकर उसके साथ बहुत मारपीट की है। उसे गंभीर चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष ने तलवार मारकर घायल किया है। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमें जगजीतपुर चौकी से बाहर निकाल दिया और टॉर्चर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन का कहना है कि वह अमित कटारिया एक हिस्ट्रीशीटर है और मामले की जांच नहीं की है। कनखल रविदास बस्ती में अमित कटारिया के नाम के दो व्यक्ति हैं। कुछ भी गलत कार्य दूसरा अमित कटारिया करता है और हमारे भाई को परेशान किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों के माता पिता का नाम अलग-अलग है। पुलिस इनकी जांच करें और फिर कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि दूसरे अमित कटारिया के खिलाफ कई मुकदमे कनखल थाना में चल रहे हैं। पुलिस अमित कटारिया के पुराने रिकॉर्ड को खंगाल कर हमारे भाई को परेशान कर रही है।

**कनखल रविदास निवासी दो बहनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप**

## सूडान में फंसे लोगों को सकुशल लाया गया अपने देश

वेणी राम उनियाल / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो,

**देहरादून।** विगत 24 अप्रैल 2023 सोमवार को जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादी सुनिता यादव, जिनके पति नन्द किशोर यादव सूडान में फंसे थे को सकुशल अपने देश लाने के लिए जिलाधिकारी से फरियाद की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने स्थानीक आयुक्त अजय मिश्रा से नन्द किशोर यादव एवं राज्य तथा जनपद के सूडान में फंसे अन्य लोगों को देश लाने हेतु उपर्युक्त स्तर पर समन्वय करने हेतु वार्ता की गई थी, जिसके फलस्वरूप आज नन्द किशोर यादव सकुशल अपने देश पंहुच गए है।



जानकारी देते हुए स्थानीक आयुक्त अजय मिश्रा ने अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा ''आपरेशन कावेरी'' के तहत सूडान में फंसे देश वासियों को भारत लाया जा रहा है, जिनमें दिल्ली, मुंबई एवं बैंगलोर लाया जा रहा है, जहां से सम्बन्धित को उनके घर सकुशल निशुल्क घर तक पंहुचाया जा रहा है। जानकारी देते हुए बताया कि नन्द किशोर यादव सुबह 09 बजे इण्डिगो फ्लाईट से दिल्ली पंहुचे थे, जिन्हें भोजन आदि व्यवस्था कराने के उपरान्त घर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य के 26 लोगों को सूडान से लाया गया है, 07 लोग क्वारटाइन है। सुनिता यादव पत्नी नन्द किशोर यादव एवं उनके परिजनों ने जिलाधिकारी, केन्द्र सरकार एवं स्थानीय आयुक्त सहित इस आपरेशन में लगे समस्त लोगों का आभार व्यक्त किया।

## सीएम धामी से मिलने पहुंचे नन्हे मुन्ने बच्चे



**नैनीताल।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को मुक्तेश्वर पहुंचे, जहां वह कुमाऊँ मंडल विकास निगम मुक्तेश्वर में पहुंचे थे कि केंद्रीय विद्यालय मुक्तेश्वर के तीन नन्हे मुन्ने बच्चे मुख्यमंत्री से आकर मिले। अपने बीच मुख्यमंत्री को देख बच्चे काफी उत्साहित थे, केंद्रीय विद्यालय में कक्षा छठी की छात्रा करुणा और कक्षा तीसरी की छात्रा रुचि और कक्षा एक के छात्र शैलेश पांडे ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान सीएम धामी भी बच्चों को देख काफी प्रफुल्लित हुए उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना और उनकी पढ़ाई के बारे में भी पूछा। इस दौरान बच्चे सीएम से मिलकर काफी खुश नजर आए उन्होंने सीएम धामी का ऑटोग्राफ भी लिया।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100 वा एपिसोड हरिद्वार के प्रत्येक बूथ पर किया जाएगा आयोजित : मदन कौशिक

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश की जनता को संबोधित करेंगे। मन की बात कार्यक्रम का 100 वा एपिसोड पूरा होने पर हरिद्वार विधानसभा के करीब 180 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने एक निजी होटल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और सभी से बड़ी से बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस दौरान मदन कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड पर हरिद्वार में एतिसाहिक कार्यक्रम होगा ! उन्होंने कहा कि देश की जनता के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है कि वे प्रधानमंत्री के 100 गए एपिसोड को सुनने जा रहे हैं और यह आयोजन एक अनूठा आयोजन इसलिए भी है क्योंकि अन्य कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष ने भी इस तरह की पहल की लेकिन वे उस में सफल नहीं हो सके। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया कि हरिद्वार विधानसभा के सभी बूथों पर वक्ता तय किए जा चुके हैं और सभी कार्यक्रमों में एलईडी स्क्रीन लगाकर हरिद्वार की जनता देश के प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुनेगी।

उन्होंने कहा की हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कई बड़े साधु संत भी इन कार्यक्रमो में मौजूद रहेंगे। आज की तैयारी बैठक में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनु कक्कड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा हीरा सिंह बिष्ट तरुण नैय्यर भाजपा जिला उपाध्यक्ष आभा शर्मा कमला जोशी तेलुराम प्रधान कामिनी सडाना नेता प्रतिपक्ष सुनील अग्रवाल गुड्डू विधायक प्रतिनिधि राजकुमार अरोड़ा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 41 मजदूर 9 वें दिन भी धरना देने को हुए मजबूर, काम से निकाले जाने को लेकर कर रहे विरोध



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**रुद्रपुर।** परफेक्ट डायनॉमिक्स मजदूर यूनियन के 41 मजदूर आज 9 वे दिन भी फैक्ट्री गेट के आगे ड्यूटी का इंतजार करते हुए धरने पर बैठे रहे।

यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा कि 21 अप्रैल को कंपनी ने अपना नाम परफेक्ट डाइनामिक्स ऑटो प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री से बदलकर समाज आटोमोटिव रख दिया और साथ ही 41 स्थाई मजदूरों को काम से निकाल दिया। जबकि प्रबंधन द्वारा ऐसा करना श्रम कानूनों का उल्लंघन है। शासन-प्रशासन कानूनों के खुले उल्लंघन पर हाथ पर हाथ धरे बैठा है। मजदूर सुबह से शाम तक भरी धूप में प्रशासन द्वारा कार्यवाही के इंतजार में कंपनी गेट के आगे बैठे रहते है और इंतजार करते हैं कि प्रशासन आएगा और मजदूरों को वापस काम पर रखवाएगा। श्रम विभाग में दो बार की वार्ता में श्रम अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन को फटकार तो लगाई लेकिन मजदूरों को राहत देने के नाम पर अभी तक कार्यवाही शून्य है। जबकि प्रबंधन ने ठेके के अनट्रेंड मजदूरों से भारी मशीनों पर 21 अप्रैल से ही काम कराना शुरू कर दिया है। ऐसा करना श्रम कानूनों का उल्लंघन है। लेकिन ऐसा लगता है कि कंपनी प्रबंधन को श्रम कानूनों का उल्लंघन करने की पूरी छूट शासन प्रशासन ने दे दी है।

कंपनी गेट के आगे महामंत्री जयपाल सिंह उपाध्यक्ष जयशंकर संगठन मंत्री अरविंद वर्मा जीवन राम ,जयप्रकाश, गौरी शंकर, केशव प्रसाद ,धर्मेंद्र पटेल, चरण सिंह, रंजन कुमार ,ललित सिंह रावत, जगदंबिका प्रसाद ,उदय पाल सिंह, ओमप्रकाश ,श्रवण कुमार ,पुरुषोत्तम, राजेश कुमार ,जसवंत कुमार ,यशपाल ,अजीत गंगवार ,लक्ष्मण सिंह, राकेश कुमार ,सत्यपाल सहित 41 वर्कर्स उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ, ऑल इंडिया इन्विटेशनल जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप का आगाज

सुमित यशकल्याण / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो






**हरिद्वार।** स्कूली खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ ऑल इंडिया इन्विटेशनल जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का शानदार आगाज हुआ। विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं जिमनास्टिक में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता जारी है। देर रात रिजल्ट आने की संभावना है। हरिद्वार के 11 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

देवभूमि उत्तराखंड की पावन भूमि हरिद्वार में ऑल इंडिया इन्विटेशनल जिम्नास्टिक एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप के छठे संस्करण का शानदार आगाज हुआ। गुरूमंडल आश्रम, देवपुरा में आयोजित चैम्पियनशिप में हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, एवं उत्तराखंड के नामी गिरामी स्कूलों के खिलाड़ियों ने जिम्नास्टिक में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि आर्यावर्त खेल संघ उत्तराखंड और आर्यावर्त खेल महासंघ भारत के तत्वावधान एवं देवभूमि जिम्नास्टिक्स अकादमी (हरिद्वार) के सौजन्य से छठे ऑल इंडिया इन्विटेशनल जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि आकाश कुसुम बछेती, निदेशक, होली एंजल ग्रुप आफ स्कूल ऋषिकेश, हरिद्वार, रेशम माजरी देहरादून,जौन डेविड नंदा, प्रिंसिपल होली एंजल रेशम माजरी, देहरादून, होटल ग्रांड इन के मालिक अंकित गुप्ता, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के रीजनल हैड सुजीत सिंह एवं भाजपा पार्षद ललित सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम संयोजक रोहित केसले ने बताया कि हरिद्वार के खिलाड़ियों में अकूत प्रतिभा है, उन्हें सही मार्गदर्शन और उचित प्रशिक्षण की आवश्यकता है। हरिद्वार में जिम्नास्टिक एवं ताइक्वांडो के विकास के लिए उत्तराखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से लंबे समय से भूमि उपलब्ध कराने की मांग करते चले आ रहे है। लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा इस मौके पर निदेशक अरविंद सिंह फ्रेंड, चिनार पब्लिक स्कूल अलवर, राजस्थान, तकनीकी समिति के प्रमुख निदेशक अरूण त्रिपाठी, सेंट जार्जेस, कालेज मसूरी एवं जितेन्द्र भाटिया, अध्यक्ष आर्यावर्त खेल महासंघ भारत मौजूद रहें।

# अगले सप्ताह तक ऑटोमेटेड जीएसटी रिटर्न की जांच शुरू करने के निर्देश

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड को अगले सप्ताह तक जीएसटी रिटर्न का ऑटोमेटेड तरीके से जांच की व्यवस्था शुरू करने और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर करदाता आधार बढ़ाने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश भी दिया।



सीतारमण ने सीबीआईसी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान ये निर्देश दिये। उनहोंने फर्जी बिलिंग और इनपुट टैक्स क्रेडिट को लेकर गहण अभियान चलाने का भी आदेश दिया और कहा कि इस तरह के मामले में पुराने मामलों की तह तक जांच करने के लिए कहा ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस तरह के मामले होते कैसे हैं। इसमें राजस्व सचिव और सीबीआईसी के अध्यक्ष एवं सदस्य भी मौजूद थे। इस दौरान सीबीआईसी का वृहद पैमाने पर समीक्षा की जिसमें व्यपार सुगमता, कर दाता सेवाओं, शिकायत निवारण, अनुशासनात्मक मामलों में अंतिम निस्तारण, इंफ्रा परियोजनाओं और सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय संस्थान के पलासमुद्रम परिसर शामिल था। वित्त मंत्री ने करदाता सेवाओं में लगातार सुधार जारी रखने पर जोर दिया और शिकायत निवारण के लिए हर जोन में कारोबारियों के साथ चर्चा आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने शिकायत निवारण पर फीडबैक भी लेने के लिए कहा ताकि निवारण की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

सीतारमण को बताया गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह 13.82 लाख करोड़ रुपये रहा है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 12.89 लाख करोड़ रुपये रहा था। औसतन मासिक जीएसटी संग्रह 1.51 लाख करोड़ रुपये रहा है और पिछले 12 महीने से लगातार जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। उन्होंने अगले सप्ताह तक जीएसटी रिटर्न का ऑटोमेटेड तरीके से जांच की व्यवस्था शुरू करने और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर करदाता आधार बढ़ाने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश भी दिया। फर्जी बिलिंग और इनपुट टैक्स क्रेडिट को लेकर गहण अभियान चलाने का भी आदेश दिया और कहा कि इस तरह के मामले में पुराने मामलों की तह तक जांच करने के लिए कहा ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस तरह के मामले होते कैसे हैं।

# जेईई मेन में एलन दिल्ली के मलय को आल इंडिया रैंक-4 मिला

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शनिवार को देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2023 के अप्रैल सेशन के परिणामों के साथ ही आल इंडिया रैंक भी जारी कर दी जिसमें एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के छात्रों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कॅरियर इस्टीट्यूट दिल्ली ने शुरुआत के साथ ही दिल्ली के विद्यार्थियों और अभिभावकों का दिल जीता है। एलन दिल्ली के क्लासरूम स्टूडेंट मलय केडिया ने जेईई-मेन में स्टूडेंट्स ने आल इंडिया रैंक-4 हासिल की है। आल इंडिया टॉप-5 में तीन रैंक हासिल की है। एलन के क्लासरूम स्टूडेंट मृणाल श्रीकांत वैरागड़े ने परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 स्कोर अंक प्राप्त करते हुए आल इंडिया रैंक 3 हासिल की है। इसी तरह क्लासरूम छात्र मलय केडिया ने भी 300 में से 300 अंक प्राप्त करते हुए आल इंडिया रैंक-4 तथा कौशल विजयवर्गीय ने भी पूरे में से पूरे अंक प्राप्त करते हुए आल इंडिया रैंक-5 प्राप्त की है। इसके अलावा बड़ी संख्या में टॉप-50 और टॉप-100 में एलन स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किए हैं।

हाल ही में मलय का चयन हैरी मेसल इंटरनेशनल स्कूल की आरे से आस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल साइंस स्कूल के लिए भी हुआ है। मलय ने बताया " मैं सुबह 8 बजे एलन आ जाता हूँ और इसके बाद रात आठ बजे तक यहीं रहकर पढ़ाई करता हूँ।

मेरा आधा दिन एलन में फैकल्टीज के साथ गजुरता है। जेईई मेन में सक्सेस के लिए मैंने एलन के टीचर्स के अनुसार ही तैयारी की। फिजिक्स और गणित थ्योरी क्लीयर करने के साथ ही प्रैक्टिस पर ज्यादा जोर दिया। जबकि कैमेस्ट्री में एनसीईआरटी सिलेबस पर पूरा फोकस करते हुए तैयारी की। सवालों की प्रेटिक्स बार-बार करता था। इससे कॉन्फिडेंस मजबूत हुआ। जेईई मेन में एनसीईआरटी सिलेबस के अलावा अन्य किसी रेफरेंस बुक या मैटेरियल की जरूरत नहीं होती। एलन की ओर से मिलने वाले मॉड्यूल्स व स्टडी मैटेरियल परफेक्ट होते हैं।"

# हर गांव 4जी से 2024 तक जुड़ जाएगा: केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री




**नईदिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री देवसिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि 2024 तक देश के सभी गांवों में 4जी सेवा शुरू हो जाएगी।

चौहान ने पीटीआई-भाषा से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार लोगों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं और उनका मन की बात कार्यक्रम सरकारी परियोजनाओं और सेवाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक ले जाने की प्रेरणा देता है।

चौहान ने कहा, अगर हम 4जी परियोजना के बारे में बात करते हैं, तो लगभग 38,000-40,000 गांवों में सिग्नल नहीं है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि आपने अच्छा काम किया है लेकिन हर घर तक पहुंचें। हमने 2024 तक 4जी को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। वह रविवार को प्रसारित होने जा रहे मन की बात के 100वें एपिसोड के लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मंत्री ने कहा कि सभी वंचित गांवों में 4जी नेटवर्क पहुंचने से सामाजिक-आर्थिक बदलाव होगा और डिजिटल दूरी घटेगी।

# शक्कर में गिरावट, खाद्य तेल नरम, दलहन, दाल सस्ती, अनाज सामान्य

**इंदौर, (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर लिवाली घटने से सस्ती बिकी। खाद्य तेलों में नरमी दर्ज की गई। पाम तेल सस्ता बिका। तिलहनों में उठाव बताया गया। दलहन तथा दाल मांग कमी से सस्ता बिका। अनाज में पूछपरख रही।

**किराना बाजार**

शक्कर में लिवाली सुस्ती लिए रही। शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला तथा खोपरा बूरा में लिवाली बने रहने से मजबूती रही। हल्दी में उठाव रहा। साबूदाना में कामकाज सुधार लिए रहा।

**तेल-तिलहन**

खाद्य तेलों में मांग घटने से नरमी हुई। पाम तेल सस्ता बिका। तिलहनों में लिवाली घटने से भाव में कमी हुई।

**दाल-दलहन**

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों में उठाव कमी नरमी दर्ज की गई। मूंग सस्ती बिकी। दालों में मांग सुस्त बताई गई इससे भाव नीचे बोले गए। अनाज में कामकाज सामान्य रहा।

# लॉटरी प्रणाली में धोखाधड़ी मिलने के बाद अमेरिका एच- ।बी वीजा पंजीकरण का आधुनिकीकरण करने के लिए तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय एजेंसी ने एच- ।बी पंजीकरण प्रक्रिया का आधुनिकीकरण करने की योजना बनाई है। एजेंसी ने यह फैसला कुछ कंपनियों की ओर से कम्प्यूटरीकृत लॉटरी प्रणाली में अपने कुशल विदेशी कर्मचारियों के लिए वीजा हासिल करने की संभावनाओं को कृत्रिम रूप से बढ़ाने की कोशिश करने के बाद किया है। इन कंपनियों ने कथित रूप से गलत प्रक्रिया को अपनाया और धोखाधड़ी की।




एच- ।बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को ऐसे विदेशी कर्मियों को नियुक्त करने की इजाजत देता है, जिन्हें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर हैं। अमेरिकी नागरिक एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के एच- ।बी सत्रों से मिले साक्ष्यों के आधार पर उसने पहले ही व्यापक धोखाधड़ी जांच की है। एच- ।बी वीजा देने वाली सर्वोच्च एजेंसी यूएससीआईएस ने कहा कि वह आपराधिक अभियोजन के लिए सलाह ले रहा है। एजेंसी ने कहा कि कुछ कंपनियां वीजा पाने की संभावनाओं को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के लिए एक ही आवेदकों को कई बार लॉटरी में शामिल करने के लिए जिम्मेदार हैं।

# ईडी ने बायजूस के सीईओ रवींद्रन के दफ्तर, आवास पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनी बायजूस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवींद्रन बायजू के बेंगलुरु स्थित कार्यालय और आवासीय परिसर पर छापे मारे तथा वहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया।

ईडी ने एक बयान में बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत हाल में कुल तीन परिसरों-दो कारोबारी और एक रिहायशी परिसर पर छापे मारे गए। इनमें पंजीकृत कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड का परिसर भी शामिल है। जांच एजेंसी ने बताया कि उसने विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए हैं। बायजूस के कानूनी मामले देखने वाले दल के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईडी की कार्वाई नियमित जांच है और कंपनी ने एजेंसी के साथ पूरी पारदर्शिता बरती है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने मांगी गईं सभी जानकारी उपलब्ध करा दी हैं।




ईडी ने बताया कि कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से वित्तीय खाता तैयार नहीं किया है। ईडी के अनुसार, कंपनी के खातों का ऑडिट भी नहीं किया गया है, जो कि अनिवार्य होता है।

जांच एजेंसी ने कहा कि कंपनी की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का बैंकों से मिलान किया जा रहा है। ईडी ने बताया कि यह कार्वाई कुछ लोगों से मिली विभिन्न शिकायतों के आधार पर की गई। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि रवींद्रन बायजू को कई समन भेजे गए, लेकिन वह बचते रहे और कभी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। तलाशी के दौरान पाया गया कि रवींद्रन बायजू की कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड को 2011 से 2023 के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के तहत करीब 28,000 करोड़ रुपए मिले। एजेंसी ने कहा, कंपनी ने भी इस अवधि के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नाम पर विभिन्न विदेशी प्राधिकारों को करीब 9,754 करोड़ रुपए भेजे। कंपनी ने विज्ञापन और विपणन के नाम पर लगभग 944 रुपए का खर्च दिखाया, जिसमें विदेशी क्षेत्राधिकार को भेजी गई राशि भी शामिल है।

# खराब दौर से जूझ रही मुंबई के सामने राजस्थान के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की चुनौती

**मुंबई।** खराब दौर से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

राजस्थान इस समय अंकतालिका में शीर्ष पर है जिसने चेन्नई सुपर किंग्स पर पिछले मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। पिछले तीन में से दो मैच गंवाने के बावजूद संजू सैमसन की टीम हर विभाग में बेहतरीन फॉर्म में है।

दूसरी ओर मुंबई की डैथ गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है जिसकी वजह से उसे पिछले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह वानखेड़े स्टेडियम पर हुए मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 96 रन देकर पंजाब को चमत्कारिक जीत दर्ज करने का मौका दिया।

इसके अलावा गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी 24 गेंद में 70 रन दे डाले।

मुंबई के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योकि राजस्थान की बल्लेबाजी में काफी गहराई है। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। मुंबई इस समय दस टीमों में आठवें स्थान पर है। गेंदबाजी में देखना होगा कि कोहनी की चोट से जूझ रहे इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर खेलने के लिए फिट हैं या नहीं। जासन बेहरेनडोर्फ, रिले मेरेडिथ और अर्जुन तेंदुलकर महंगे साबित हुए हैं। दूसरी ओर राजस्थान के बल्लेबाज इस पिच पर 200 से अधिक रन बना सकते हैं। उनके पास जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल जैसे शीर्षक्रम के बल्लेबाज हैं तो मध्यक्रम में संजू सैमसन, देवदत्त पड्डिकल, शिमरोन हेटमाएर और ध्रुव जुरेल उतरते हैं। जुरेल ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत उसकी गेंदबाजी हैं।

जिसमें युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन जैसे धुरंधर स्पिनर हैं।




## टीमें इस प्रकार

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय, देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम ज़म्पा।

**मुंबईइंडियंसः** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरन ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ, नेहल वढेरा, ऋतिक शौकीन, अरशद खान, डुआन जानसेन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।**

# अपराधी बनकर नहीं दूंगा कुश्ती महासंघ से इस्तीफा : बृजभूषण शरण सिंह



**गोंडा (उप्र)।** धरने पर बैठे पहलवानों के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा कि इस्तीफा देना उनके लिए कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, किन्तु वह अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं देंगे।

महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीडऩ के आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज कीं।

विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में बृजभूषण ने कहा, मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा है। मैं हर तरह की जांच का सामना करने को तैयार हूं।

उन्होंने कहा, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना मेरे लिए कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है, किन्तु मैं अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं अपराधी नहीं हूं। इस्तीफा देने का मतलब है कि मैंने इनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बृजभूषण के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात कर उनके प्रति समर्थन जताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बाहुबली एवं माफिया के सामने नतमस्तक हो गई है।

इस पर उन्होंने कहा, आज दिखाई पड़ गया कि इस पूरे विवाद के पीछे किसका हाथ है। मैं शुरू से कह रहा हूं कि इसमें एक उद्योगपति और कांग्रेस का हाथ है। इन्हें मुझसे कष्ट है।

उन्होंने सवाल किया, जब मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई तो अब पहलवान क्यों धरने पर बैठे हैं? वे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्रालय के खिलाफ क्यों बोल रहे हैं? यह खिलाडय़ों का धरना नहीं, षड्यंत्रकारियों का धरना है। हम बहाना हैं, निशाना हमारे ऊपर कहीं है।

# अतंरराष्ट्रीय

## सुल्तान अल-नेयादी अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाले पहले अरब नागरिक बने

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल-नेयादी अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाले पहले अरब नागरिक बन गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) से बाहर उनकी ऐतिहासिक चहलकदमी लगभग सात घंटे तक चली।

अल-नेयादी ने नासा के फ्लाइट इंजीनियर स्टीफन बोवेन के साथ अंतरिक्ष में चहलकदमी की। इस दौरान, दोनों ने कई कार्यों को सफलतापूर्व अंजाम दिया, जिनमें पावर केबल को क्रमबद्ध करना भी शामिल था। चहलकदमी से पहले अल-नेयादी और बोवेन दो घंटे की ऑक्सीजन पर्जिंग की प्रक्रिया से गुजरे, जिसके तहत उनके शरीर में ऑक्सीजन गैस का प्रवाह किया गया और नाइट्रोजन गैस बाहर निकाली गई, ताकि शून्य गुरुत्वाकर्षण में उन्हें कोई खतरा न हो। इसके बाद, वॉरेन होबर्ग और फ्रैंक रुबियो ने स्पेससूट पहनने में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की मदद की, जो अपने आप में एक बड़ा काम है। अल-नेयादी और बोवेन को स्पेससूट और अन्य सुरक्षात्मक उपकरण पहनने में एक घंटे का वक्त लगा। दोनों को आईएसएस के बाहर अत्यधिक ऊंचाई पर चहलकदमी के दौरान दो प्रमुख चुनौतियों- विकिरण और अत्यधिक तापमान का सामना पड़ा। दो मार्च को फ्लोरिडा के केप केनवेरल से अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले अल-नेयादी जल्द ही अंतरिक्ष में दो महीने का समय पूरा करने वाले हैं।



## सीमा प्रबंधन समझौतों के उल्लंघन के कारण चीन के साथ भारत के संबंध असामान्य : जयशंकर

**सांतो डोमिंगो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि विशिष्टता की मांग किए बिना सभी देशों के साथ उसके संबंध बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि हालांकि, चीन द्वारा सीमा प्रबंधन समझौतों का उल्लंघन किए जाने के परिणामस्वरूप बीजिंग के साथ भारत के असामान्य प्रकृति के संबंधों के कारण वह एक अलग श्रेणी में आता है।

डॉमिनिक गणराज्य की पहली आधिकारिक यात्रा पर सांतो डोमिंगो पहुंचे जयशंकर ने शुक्रवार को डिप्लोमैटिक स्कूल के युवाओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत ने क्षेत्र में कनेक्टिविटी, संपर्क और सहयोग में नाटकीय विस्तार देखा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के कारण इसका अपवाद रहेगा।

जयशंकर ने कहा, चाहे अमेरिका, यूरोप, रूस या जापान हो, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि ए सभी संबंध बिना विशिष्टता की मांग किए बढ़ें। चीन हालांकि, सीमा विवाद और हमारे संबंधों की असामान्य प्रकृति के कारण अलग श्रेणी में आता है। यह उसके द्वारा सीमा प्रबंधन के संबंध में समझौतों के उल्लंघन का नतीजा है।गौरतलब है कि भारत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती और उसके आक्रामक रवैए की आलोचना करता रहा है।



विदेश मंत्री ने कहा, भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकताएं जाहिर तौर पर उसके पड़ोस में हैं। उसके आकार और आर्थिक शक्ति को देखते हुए यह सामूहिक लाभ की बात है कि भारत छोटे पड़ोसी देशों के साथ सहयोग के लिए उदार और गैर-पारस्परिक रवैए को अपनाता है और हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में यही किया है। उन्होंने कहा, भारत ने क्षेत्र में कनेक्टिविटी, संपर्क और सहयोग में नाटकीय विस्तार देखा है। इसमें सीमा पार आतंकवाद के कारण जाहिर तौर पर पाकिस्तान एक अपवाद है। लेकिन चाहे कोविड-19 संबंधी चुनौती हो या हाल में कर्ज का अधिक दबाव हो, भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के लिए खड़ा हुआ है। विदेश मंत्री ने इस संदर्भ में श्रीलंका का हवाला दिया, जहां भारत ने दशकों में देश के सबसे बुरे आर्थिक दौर में उसे चार अरब डॉलर से अधिक की वित्तीय मदद दी है। जयशंकर ने कहा, कुल मिलाकर, भारत एक ऐसा देश है, जो वैश्विक भलाई के वास्ते सामूहिक समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साल जी-20 की हमारी अध्यक्षता वैश्विक विकास और वैश्विक वृद्धि के समक्ष मौजूद वास्तविक चुनौतियों पर केंद्रित है।

# पहलवानों से मिलीं प्रियंका, सरकार पर बृजभूषण को बचाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली, (भाषा)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात की और उनके प्रति समर्थन जताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सिंह को बचा रही है। कांग्रेस महासचिव ने यह भी कहा कि सबसे पहले सिंह को उनके पद से हटाया जाना चाहिए।

प्रियंका कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते रवाना होने से पहले शनिवार सुबह जंतर-मंतर पहुंचीं। उन्होंने महिला पहलवानों से अलग बातचीत भी की और कुछ देर वहां बैठीं। इस दौरान, राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ थे।



प्रियंका ने संवाददाताओं से कहा, जब ए लड़कियां देश के लिए पदक जीतती हैं, तो सभी लोग उनकी तारीफ करते हैं, देश के लिए गौरव बताते हैं, लेकिन आज जब धरने पर बैठी हुई हैं, तो कोई सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से हटाया जाए, क्योंकि पद पर रहते हुए वह शक्ति का दुरुपयोग और पहलवानों का करियर बर्बाद करते रहेंगे। प्रियंका ने सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वह सिंह को क्यों बचा रही है? उन्होंने कहा, इन लड़कियों ने अपने देश और प्रदेश के लिए इतना कुछ किया है.... जब ए पदक जीतकर आई थीं, तो प्रधानमंत्री ने इन्हें बुलाया था, लेकिन अब क्यों नहीं मिल रहे? एक सवाल के जवाब में प्रियंका ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कोई उम्मीद नहीं है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जब भी महिलाओं के खिलाफ शोषण की बात आती है, तो सरकार मौन हो जाती है।

उन्होंने कहा कि देश की सभी महिलाओं को इन महिला पहलवानों के साथ खड़ा होना चाहिए, ताकि कार्वाई हो। प्रियंका ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज दोनों प्राथमिकी में क्या है, यह किसी को नहीं पता। उन्होंने सवाल किया कि प्राथमिकी इन पहलवानों को क्यों नहीं दिखाई गई?

उल्लेखनीय है कि महिला पहलवानों द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीडऩ के आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज कीं।

## छोटी खबरें



### उत्तर प्रदेश में अब कानून का राज, सुरक्षा की गारंटी : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में अब कानून का राज है और सुरक्षा की गारंटी है। उत्तर प्रदेश में चार मई और 11 मई को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने निकले योगी ने शनिवार को गोरखपुर में व्यापारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा, पहले गरीबों की संपत्ति और उनकी जमीनों पर कोई भी गुंडा, माफिया या सत्ताधारी दल का व्यक्ति जबरन कब्जा कर लेता था। आज उत्तर प्रदेश अराजकता से मुक्त हो गया है, प्रदेश में अब कानून का राज है, सुरक्षा की गारंटी है। योगी ने कहा, माफिया पहले गुंडा टैक्स मांगते थे, आज अपनी जान की भीख मांग रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए डबल इंजन की सरकार की ओर से किए गए विकास कार्य गिनाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों ने उत्तर प्रदेश की पहचान बदल दी थी, लेकिन अब चारों तरफ खुशहाली है। महराजगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरे उत्तर प्रदेश में एक समान विकास परियोजनाएं देकर राज्य को प्रगति के पथ पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी का धर्म, मजहब और जाति नहीं देखती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जाति, धर्म और मजहब के बंटवारे पर पूरी तरह से रोक लगा दी है और वह सबके विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार है, इसलिए विकास कार्य दोगुनी गति से चल रहा है।

### प्राचीन डीएनए अनुसंधान से पत्तनम में पश्चिमी यूरेशियाई वंश की मौजूदगी की पुष्टि हुई

**हैदराबाद।** केरल के एर्नाकुलम जिले में दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित पत्तनम में पुरातात्विक स्थल से हाल में मिले सबूतों और उनके प्राचीन डीएनए विश्लेषण से इतिहासकारों की इस राय को बल मिला है कि पत्तनम ने भारत और पश्चिम एशिया तथा अन्य देशों के बीच व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में अहम भूमिका निभाई थी। इन नमूनों के विश्लेषण से क्षेत्र में दक्षिण एशियाई और पश्चिमी यूरेशियाई वंशों की मौजूदगी के बारे में भी पता चलता है। ऐसा माना जाता है कि पत्तनम का यह पुरातात्विक स्थल प्राचीन बंदरगाह शहर मुजिरिस का हिस्सा है। इतिहासकारों का मानना है कि पत्तनम शहर ने भारत और पश्चिम एशिया, उत्तर अफ्रीका व भूमध्यसागरीय क्षेत्रों के बीच व्यापार एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान में अहम भूमिका निभाई थी।हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र (सीसीएमबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, सीएसआईआर-सीसीएमबी के मुख्य वैज्ञानिक कुमारसामी थंगाराज और पीजे चेरियन की अगुवाई में पत्तनम से हाल में मिले अधिक ठोस पुरातात्विक सबूतों और उनके प्राचीन डीएनए विश्लेषण से इस राय को बल मिला है। यह अनुसंधान अब पत्रिका जीन्स में प्रकाशित किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि पत्तनम पुरातात्विक स्थल पर वैज्ञानिकों और पुरातत्वविदों को मानव हड्डियां, डिब्बे, सोने का एक आभूषण, कांच और पत्थर के टुकड़े, पत्थर, तांबा और लोहे से बने बर्तन, मिट्टी के बर्तन, चेरा सिक्के, ईंट की दीवार और सतह से करीब 2.5 मीटर नीचे घाट की संरचना के समानांतर छह मीटर लंबी लकड़ी की डोंगी मिली है।

# कोविड-19 : भारत में संक्रमण के 7,171 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली, (भाषा)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 7,171 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या 4.49 करोड़ के पार हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 51,314 रह गई है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 40 और मरीजों की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,508 हो गई है। इनमें वे 15 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोडऩे वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.11 प्रतिशत है। वहीं, देश में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.70 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में अभी तक कुल 4,43,56,693 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

## सुनवाई प्रक्रिया को लेकर गंभीर दोषपूर्ण तथ्यों के आधार पर राहुल को दोषी ठहराया गया: सिंघवी

**अहमदाबाद, (भाषा)।** वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को गुजरात उच्च न्यायालय से कहा कि राहुल गांधी की मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी से जुड़े एक आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई प्रक्रिया को लेकर गंभीर दोषपूर्ण तथ्यों के आधार पर कांग्रेस नेता की दोषसिद्धि हुई।

सिंघवी ने उच्च न्यायालय में गांधी की ओर से दलील देते हुए यह टिप्पणी की। उच्च न्यायालय राहुल गांधी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें इस आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाने के सूरत सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है।

न्यायमूर्ति हेमंत प्राच्छक ने सत्र अदालत के 20 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली गांधी की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई की।

# पूर्वी भारत में मई में लू चलने की संभावना : मौसम विज्ञान विभाग

**नई दिल्ली।** बिहार, झारखंड और ओडिशा समेत पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मई में तापमान सामान्य से अधिक रहने और कुछ दिन लू चलने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

आईएमडी ने मई के लिए तापमान और बारिश संबंधी मासिक पूर्वानुमान के तहत बताया कि पश्चिमोत्तर और पश्चिम-मध्य भारत के कुछ हिस्सों में रात में मौसम गर्म रहने और दिन में सामान्य से कम तापमान रहने की संभावना है। विभाग ने बताया कि कि मई में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों सहित देश के पश्चिमोत्तर और पश्चिम-मध्य हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने के आसार हैं। इसके अलावा, पूर्वोत्तर क्षेत्र, केरल, आंध्र प्रदेश और दक्षिण कर्नाटक के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है।

आईएमडी के अनुसार, मई में 61.4 मिलीमीटर की लंबी अवधि के औसत (एलएपी) की 91-109 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मई में बिहार, झारखंड, ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तथा पूर्वी मध्य प्रदेश, तेलंगाना और तटीय गुजरात के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्म हवाएं चलने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि मई में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मौजूद तटस्थ अल नीनो का प्रभाव रहने की संभावना है और मौसम संबंधी अधिकतर मॉडल मई से मानसून के दौरान क्षेत्र के गर्म होने का संकेत दे रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि अल नीनो या भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के गर्म होने का भारत में मानसूनी बारिश पर प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, हिंद महासागर में समुद्र की सतह (जिसे हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) भी कहते हैं) के तापमान जैसे अन्य कारक भी मौसम को प्रभावित करने के लिए जाने जाते हैं।

महापात्र ने कहा कि हिंद महासागर में मौजूद तटस्थ आईओडी संबंधी स्थितियां आगामी मौसम में सकारात्मक होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि सकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुवीय स्थितियां भारतीय मानसून के पक्ष में और अल नीनो के प्रभाव को कम करने में मदद करने के लिए जानी जाती हैं।

इस महीने की शुरुआत में विभाग ने 87 सेंटीमीटर की लंबी अवधि के औसत (एलएपी) की 96 प्रतिशत बारिश होने की संभावना जताई थी।

# हर की पौड़ी को किया जाए नशे से मुक्त : भगवा सेना

**भगवा हिन्दू सेना ने आज गंगा सभा और हरिद्वार प्रशासन से वार्ता कर हर की पौड़ी के आस पास के क्षेत्र को नशा मुक्त कराने की माँग की**



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार**। भगवा हिन्दू सेना ने गंगा सभा और हरिद्वार प्रशासन से हर की पौड़ी के आस पास के क्षेत्र में नशे के ख़िलाफ़ कार्यवाही हेतु वार्ता कर ज्ञापन दिया,हर की पौड़ी के आस पास के क्षेत्र में कुछ असामाजिक व्यक्तियों के द्वारा नशे का सेवन किया जा रहा है और इतना ही नही नशे के सेवन के बाद ये लोग हर की पौड़ी के आस पास घूमते रहते है जिससे हर की पौड़ी के आस पास का माहोल ख़राब होता है,और ये लोग यहाँ आने वाले श्रधालुओं के लिए भी ख़तरा है ,जिसमें भगवा हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्दीप रोड, दीपक अग्रवाल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), आशीष वर्मा (राष्ट्रीय प्रवक्ता), गंगा सभा रजि. हरिद्वार के अध्यक्ष नितिन गौतम ,महामंत्री तन्मय वशिष्ठ,सभापति कृष्ण कुमार शर्मा,और हरिद्वार कोतवाल भावना कैथोंला जी से भी लम्बी वार्ता हुई भगवा हिन्दू सेना से दीपिका शर्मा (ज़िला अध्यक्ष ) महिला मोर्चा, अमिता गुप्ता (ज़िला उपाध्यक्ष) महिला मोर्चा, मंजु सिंह (ज़िला महासचिव) महिला मोर्चा, सुशीला सैनी (ज़िला कोषाध्यक्ष) महिला मोर्चा, माधुरी गोड़ (ज़िला संगठन मंत्री) महिला मोर्चा, अनिता सिंह, जुगनिश शर्मा (मीडिया प्रभारी) मनीषा सूरी (पत्रकार प्रधान टाइम्स ), कालू वर्मा (पत्रकार उत्तराखंड प्रहरी) आदि मोजूद रहे। गंगा सभा (रजि.) हरिद्वार के पदाधिकारी अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, सभापति कृष्ण कुमार शर्मा के द्वारा द्वारा भगवा हिन्दू सेना को गंगा जल और प्रसाद देकर मान सम्मान किया।



## स्वामी दर्शनानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में 'उमंग' खेल-कूद



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

हरिद्वार। प्रतियोगिता का तीसरा एवं अंतिम दिन उत्साह और उंमग भरा रहा। विभिन्न खेलो एवं गतिविधियों में प्रथम एवं द्वितीय आये सभी छात्र-छात्राओं को संस्थान के मैंनेजमेंट की ओर से अंकुश ओहरी एवं ऋचा ओहरी द्वारा प्रशस्ती पत्र, मैडल एवं मूमेंटों देकर सम्मानित किया गया।

तीसरे दिन के कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई एवं कार्यक्रम का संचालन सौरभ त्रिपाठी एवं उसके साथी सदस्य के द्वारा किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत नृत्य एवं विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ प्रारम्भ हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सभी गतिविधियों को बड़ी उत्साह एवं प्रफुल्लित मन से आंनद लिया। बीसीए विभाग की अंजुम की टीम द्वारा भूतों के परिवार के ऊपर एक बहुत ही डरावनी प्रस्तुती पेश की गयी, जिसने सभी का मंनोरंजन किया। इस अवसर पर संस्थान की डायरेक्ट डॉ. जयलक्ष्मी, ऋचा ओहरी, डॉ. राहुल कुमार, पंकज चौधरी, आशीष कुमार, दीप्ती चौहान, ऋतिका कौशिक, अभिलाषा चौहान, उमेश चंद्रा, आयुष धीमान, कीर्ती चुग, वर्षा वर्मा, प्रियंका अरोड़ा, उमिषा त्यागी, विकास यादव, प्रशांत कुमार, मिंताषी विश्नोई, विजय चौहान, वीरेन्द्र नाथ राय, अंजुम, देवेन्द्र सिंह रावत, ज्योति राजपूत, अनुराग गुप्ता, धरनीधर वाग्ले सभी भाग लेने वालें खिलाड़ियों को बधाई दी।

## आज का राशिफल

उत्तराखंड प्रहरी

**आज के विचार**

**जीवन में बदलाव होते रहते है हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए डरे बिना सकारात्मकता के साथ बदलावों को अपनाएं!!**

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी , वु , वे, वो)**
आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा । परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
आज आपका दिन मनोनूकुल रहेगा। कुटुंबजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। संतान का सहयोग मिलेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा।धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
आज आपका दिन अनूकूल रहेगा। कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार हो सकता है। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
आज सितारे कम अनुकूल हैं। गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। खान पान का ध्यान रखें अन्यथा उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
आज आपका दिन लगभग सही रहेगा। व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
आज आपका दिन बढिया रहेगा। धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। हल्की घरेलू समस्याएं आयेंगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com